State Bank of India
THE BANKER TO EVERY INDIAN

# एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफीसर्स (पीओ) प्रारम्भिक परीक्षा

**परीक्षा तिथि 20-06-2015** स्मृति पर आधारित

## भाग (क) : अंग्रेजी भाषा

**Directions (1-5)**—*Each sentence given below has two blanks. Each blank indicates that something has been omitted. Choose the word that best fits in the meaning of the sentence as a whole.*

1. Realistically, however this disconnect cannot ......... itself very long, sooner rather than ......... the whole will no doubt converge.
(1) sustain, later (2) sustained, later
(3) submerge, latter (4) harmonize, lately
(5) mend, lately

2. Digitisation will ......... a couple of billion dollars in pay revenues, bring more taxes choice and clean out black money ......... cable.
(1) realise, from (2) replenish, off
(3) release, from (4) revive, with
(5) supply, with

3. Public sector infrastructure financing companies could ......... of the ambitious 'smart cities' citing ......... of guaranteed returns on investments.
(1) opt for, crisis (2) opt out, lack
(3) prefer, excess (4) select, lack
(5) opt, cause

4. Looks like the oil markets are not only showing ......... between the physical and the financial perspectives from time to time but also ......... between the short term view and the long term realities.
(1) disconnect, convergence (2) disconnect, divergence
(3) connection, difference (4) supply, demand
(5) similarity, contrast

5. Top global oil exporter Saudi Arabia ......... its crude production in April to a record high, ......... its flourishing Asian market share.
(1) rose, feed (2) risen, collecting
(3) raised, lead (4) raised, feeding
(5) increased, healing

**Directions (6-15)**—*Read the following passage carefully and answer the questions given below it. Certain words/phrases are given in* **bold** *to help you locate them while answering some of the questions.*

Core competencies and focus are now the mantras of corporate strategists in Western economies. But while managers in the West have **dismantled** many conglomerates assembled in the 1960s and 1970s, the large, diversified business group remains the dominant form of enterprise throughout most emerging markets. Some groups operate as holding companies with full ownership in many enterprises, others are collections of publicly traded companies, but all have some degree of central control.

As emerging markets open up to global competition, consultants and foreign investors are increasingly pressuring these groups to **conform to** Western practice by scaling back the scope of their business activities. The conglomerate is the dinosaur of organizational design, they argue, too unwieldy and slow to compete in today's fast-paced markets. Already a number of executives have decided to break up their groups in order to show that they are focusing on only a few core business.

There are reasons to worry about this trend. Focus is good advice in New York or London, but something important gets lost in translation when that advice is given to groups in emerging markets. Western companies take for granted a range of institutions that support their business activities, but many of these institutions are absent in other regions of the world. Without effective securities regulation and venture capital firms, for example, focused companies may be unable to raise adequate financing; and without strong educational institutions, they will struggle to hire skilled employees. Communicating with customers is difficult when the local infrastructure is poor, and unpredictable government behavior can stymie any operation. Although a focused strategy may enable a company to perform a few activities well, companies in emerging markets must take responsibility for a wide range of functions in order to do business effectively.

In the case of product markets, buyers and sellers usually suffer from a severe **dearth** of information for three reasons. First, the communications infrastructure in emerging markets is often under developed. Even as wireless communication spreads throughout the West, vast stretches in countries such as China and India remain without telephones. Power shortages often render the modes of communication that do exist ineffective. The postal service is typically inefficient, slow or unreliable ; and the private sector rarely provides efficient courier services. High rates of illiteracy make it difficult for marketers to communicate effectively with customers.

Second, even when information about products does get around, there are no mechanisms to corroborate the claims made by sellers. Independent consumer-information organizations are rare, and government watchdog agencies are of little use. The few analysts who rate products are generally less sophisticated than their counterparts in advanced economies.

Third, consumers have no redress mechanisms if a product does not deliver on its promise. Law enforcement is often **capricious** and so slow that few who assign any value to time would resort to it. Unlike in advanced markets, there are few extrajudicial arbitration mechanisms to which one can appeal.

As a result of this lack of information, companies in emerging markets face much higher costs in building credible brands than their counterparts in advanced economies. In turn, established brands wield tremendous power. A conglomerate with a reputation for quality products and services can use its group name to enter new businesses, even if those businesses are completely unrelated to its current lines. Groups also have an advantage when they do try to build up a brand because they can spread the cost of maintaining it across multiple lines of business. Such groups then have a greater incentive not to damage brand quality in any one business because they will pay the price in their other businesses as well.

**6.** Which of the following sentence(s) is/are correct in the context of the given passage ?

I. Consultants and foreign investors argue that the conglomerate is the dinosaur of organisational design too and slow to compete in today's fast-paced markets.

II. Core competencies and focus are now the mantras of corporate strategists in western economies.

III. Due to lack of information required, companies in emerging markets face much higher costs in building credible brands in comparison to their counterparts in advanced economies.

(1) Only I (2) Only II and III
(3) Only I and III (4) Only I and II
✔(5) All I, II and III

**7.** What suggestions have been cited by the writer in regard to raising adequate financing and hiring skilled employees ?

(1) Effective securities regulation
(2) Effective securities regulation and venture capital firms
✔(3) Effective securities regulation and venture capital firms and strong educational institutions
(4) Both 1 and 3
(5) None of these

**8.** The writer has cited some hurdles in the case of product markets regarding shortage of information. Which of the following statement(s) in this regard is/are true ?

I. Communications infrastructure in emerging markets is often under developed.

II. Postal service is typically inefficient, slow or unreliable.

III. High rates of illiteracy make it difficult for marketers to communicate effectively with customers.

(1) Only I (2) Only III
(3) Only II and III (4) Only I and II
✔(5) All I, II and III

**9.** Which of the following statement is correct in regard to the given passage ?

(1) The few analysts in emerging markets who rate products are generally less sophisticated than their counterparts in advanced economies.
(2) Unlike in advanced markets there are few extrajudicial arbitration mechanisms in emerging markets to which one can appeal.
(3) Even as wireless communication spreads throughout the West, vast regions of China and India remain without telephones.
(4) Unpredictable government behaviour can stymie any operation.
✔(5) All are correct

**10.** Established brands can wield tremendous power in emerging markets because :

✔(1) a conglomerate with a reputation for quality products and services can use its group name to enter new businesses.
(2) they have much political nexus and strong man power
(3) they have excess of money and customers
(4) they have greater incentive to damage brand quality in any one business
(5) None of these

**11.** What should be the most appropriate title of this passage ?

✔(1) Hurdles in Emerging markets
(2) What is an Emerging market
(3) Lack of Information in Emerging Markets
(4) Advanced Markets Eat Emerging Markets
(5) None of these

**Directions (12-13)**—*Choose the word/group of words which is* ***most similar*** *in meaning to the word/group of words printed in* ***bold*** *as used in the passage.*

**12. CONFORM TO**

✔(1) Comply (2) Conflict between
(3) Confirm (4) Confiscate
(5) Confine to

**13. DISMANTLE**

(1) Take together (2) Hold
✔(3) Take apart (4) Disorder
(5) Dismount

**Directions (14-15)**—*Choose the word which is* ***Most Opposite*** *in meaning to the word printed in* ***bold*** *as used in the passage.*

**14. CAPRICIOUS**

(1) Unpredictable (2) Predictable
(3) Changeable (4) Captive
(5) Reasonable

**15. DEARTH**

(1) Scarcity (2) Shortage
(3) Paucity (4) Abundance
(5) Debility

**Directions (16-20)**—*Rearrange the following six sentences (A), (B), (C), (D), (E) and (F) in the proper sequence to form meaningful paragraph; then answer the questions given below them.*

A. Colony losses last year weren't as dramatic as the declines associated with Colony Collapse Disorder (CCD), which was first identified in October 2006.

B. Beekeepers tapped for the survey manage a total of 400,000 colonies, representing about 14.5 per cent of the United States' honeybee colonies.

C. Overall, colony losses during the 12-months period that ended in April reached 42.1 per cent—the second-highest annual loss to date.

D. Summer colony losses reached 27.4 per cent, exceeding winter losses that came in at 23.7 per cent.

E. For the first time, beekeepers watched more of their colonies disappear during the summer than in winter.

F. A new survey outlining honeybee colony losses in the U.S. has scientists scratching their heads.

**16.** Which of the following should be the **FIRST** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) B
(3) F (4) E
(5) D

**17.** Which of the following should be the **SECOND** sentence after rearrangement ?

(1) E (2) F
(3) A (4) B
(5) C

**18.** Which of the following should be the **SIXTH** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) B
(3) C (4) D
(5) E

**19.** Which of the following should be the **FOURTH** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) B
(3) C (4) D
(5) E

**20.** Which of the following should be the **FIFTH** sentence after rearrangement ?

(1) A (2) B
(3) C (4) D
(5) E

**Directions (21-25)**—*Read each sentence to find out whether there is any grammatical error or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is rom. (Ignore errors of punctuation, if any.)*

**21.** Profitability of fleet operators/(1) have improved due to a decline/(2) in fuel prices during/(3) the last two months. /(4) No error (5)

**22.** We are a young country,/(1) a brash country, a forward / (2) looking country, and/(3) true history interest us a lot. /(4) No error (5)

**23.** The joint statement included/(1) just three lines on military/(2) cooperation, restriction itself for/(3) exercise and ship visits./(4) No error (5)

**24.** In a country currently there is/(1) absolute no shortage in fact/(2) there is an abundance of pilots holding/(3) a valid licence but unable to find a job./(4) No error (5)

**25.** WPI might have turned negative primarily/(1) due to a steep decline in the prices/(2) of non-food articles/(3) raising vegetable prices keep food articles firm during this month./(4) No error (5)

**Directions (26-30)**—*In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.*

There is plenty written about the wealth divide in the U.S. economy. But there is another important divide the one between consumers and corporations. If you look at how U.S. households have been behaving **...26...** you'd think it was all blue skies. Consumer confidence is at a five-year high, thanks to higher stock prices and a **...27...** in the housing market. Home prices have had their biggest jump since 2005. Consumers, finally feeling more **...28...** are buying that new car or electronic gadget and bolstering GDP growth a bit. The wealth gap between America's high income group and everyone else has **...29...** record high levels since the economic recovery from the Great Recession of 2007-09, with a clear **...30...** of increasing wealth for the upper-income families and no wealth growth for the middle and lower-income families.

**26.** (1) late (2) lately
(3) uniformly (4) eager
(5) earnestly

**27.** (1) discovery (2) growing
(3) recovery (4) delivery
(5) depletion

**28.** (1) flush (2) happy
(3) satisfied (4) flung
(5) flunk

**29.** (1) reach (2) reached
(3) delivered (4) targeted
(5) subjugated

**30.** (1) target (2) projection
(3) trajectory (4) tarnation
(5) temptation

## भाग (ख) : संख्यात्मक अभियोग्यता

**निर्देश (31-35)**—*निम्नलिखित सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**दिए गए तीन वर्षों में एक महाविद्यालय के चार भिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या**

| वर्ष | 2010 | | 2011 | | 2012 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | कुल विद्यार्थी | कुल महिला विद्यार्थी | कुल विद्यार्थी | कुल महिला विद्यार्थी | कुल विद्यार्थी | कुल महिला विद्यार्थी |
| A | 840 | 378 | 820 | 553 | 800 | 432 |
| B | 1200 | 660 | 1200 | 660 | 1250 | 750 |
| C | 952 | 342 | 900 | 360 | 980 | 441 |
| D | 900 | 540 | 860 | 602 | 700 | 525 |

**31.** वर्ष 2010 में महाविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों को मिलाकर लड़कों की औसत संख्या क्या है?

(1) 493 (2) 480
(3) 439 (4) 468
(5) इनमें से कोई नहीं

**32.** वर्ष 2012 में महाविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों को मिलाकर अध्ययनरत लड़कियों की औसत संख्या क्या है?

(1) 573 (2) 537
(3) 437 (4) 473
(5) इनमें से कोई नहीं

**33.** वर्ष 2011 में महाविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों को मिलाकर लड़कों की कुल संख्या लड़कियों की कुल संख्या से कितना प्रतिशत कम है?

(1) 32% (2) 30%
(3) 26% (4) 22%
(5) इनमें से कोई नहीं

**34.** वर्ष 2010 में सभी पाठ्यक्रमों को मिलाकर अध्ययनरत लड़कियों की संख्या एवं वर्ष 2011 में सभी पाठ्यक्रमों को मिलाकर अध्ययनरत लड़कियों की कुल संख्या के मध्य क्या अंतर है?

(1) 205 (2) 215
(3) 305 (4) 315
(5) इनमें से कोई नहीं

**35.** वर्ष 2010 में पाठ्यक्रम B एवं D में अध्ययनरत लड़कों की संख्या एवं वर्ष 2012 में पाठ्यक्रम A एवं D में अध्ययनरत कुल विद्यार्थियों की संख्या के मध्य क्रमशः अनुपात है—


(1) 3 : 5 (2) 1 : 3
(3) 3 : 7 (4) 4 : 5
(5) इनमें से कोई नहीं

**36.** एक विक्रेता ने एक वस्तु के अंकित मूल्य ₹ 12000/- पर 25% का बट्टा दिया एवं उसे 10% की हानि हुई। उसे अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत बट्टा देना चाहिए ताकि उस वस्तु को बेचने पर ₹ 440/- का लाभ हो?

(1) 11% (2) 13%
(3) 19% (4) 15%
(5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (37-41)**—*निम्न लाइन ग्राफ का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**दिए गए छह वर्षों में दो कंपनियों द्वारा संचालित प्रोजेक्टों की संख्या**




**37.** दिए गए सभी वर्षों को मिलाकर कंपनी A द्वारा संचालित प्रोजेक्टों की औसत संख्या क्या है?

(1) $370\frac{2}{3}$ (2) $376\frac{2}{3}$
(3) $376\frac{1}{3}$ (4) $367\frac{2}{3}$
(5) इनमें से कोई नहीं

**38.** दोनों कंपनियों को मिलाकर इनके द्वारा वर्ष 2002 एवं वर्ष 2003 में संचालित सभी प्रोजेक्टों की कुल संख्या के मध्य क्रमशः क्या अनुपात है?

(1) 4 : 5 (2) 5 : 9
(3) 7 : 9 (4) 5 : 7
(5) इनमें से कोई नहीं

**39.** कंपनी B द्वारा वर्ष 2002 की अपेक्षा वर्ष 2006 में कितने प्रतिशत प्रोजेक्टों का संचालन किया गया?

(1) 84% (2) 86%
(3) 73% (4) 76%
(5) इनमें से कोई नहीं

**40.** दिए गए सभी वर्षों में कंपनी B द्वारा संचालित प्रोजेक्टों की औसत संख्या क्या है?

(1) $381\frac{2}{3}$
(2) $381\frac{1}{3}$
(3) $318\frac{2}{3}$
(4) $376\frac{1}{3}$
(5) उपरोक्त में से कोई नहीं

**41.** वर्ष 2001, 2003 एवं 2006 में कंपनी A द्वारा संचालित प्रोजेक्टों की कुल संख्या एवं इन्हीं वर्षों में कंपनी B द्वारा संचालित प्रोजेक्टों की कुल संख्या के मध्य क्या अंतर है?

(1) 250
(2) 230
(3) 260
(4) 240
(5) इनमें से कोई नहीं

**42.** एक व्यक्ति ने अपनी आय का 20% अपने इकलौते पुत्र एवं इकलौती पुत्री को दिया। पुत्र एवं पुत्री के बीच वितरित धनराशि का अनुपात क्रमशः 3 : 2 है। अपनी पुत्री को दी गई धनराशि की दोगुनी धनराशि उसने जीवन बीमा में निवेश की। शेष धनराशि का एक-चौथाई भाग उसने अपनी पत्नी को दिया। तदुपरांत उसके पास ₹ 16,800/- बचे। जीवन बीमा में निवेशित धनराशि क्या है?

(1) ₹ 5,600/- (2) ₹ 5,400/-
(3) ₹ 5,800/- (4) ₹ 6,200/-
(5) इनमें से कोई नहीं

**43.** एक बर्तन में दूध एवं पानी का 40 लीटर मिश्रण है। मिश्रण में 15% पानी है। दूध वाले ने 10 ली दूध एक क्रेता को बेच दिया एवं शेष मिश्रण में 12.5 ली पानी मिला दिया। परिणामी मिश्रण में दूध एवं पानी का क्रमशः अनुपात क्या है?

(1) 2 : 3 (2) 3 : 2
(3) 3 : 4 (4) 4 : 3
(5) इनमें से कोई नहीं

**44.** एक नाव ऊर्ध्वप्रवाह में 2.75 किमी की दूरी 11 मिनट में तय करती है। धारा की चाल एवं नाव की अनुप्रवाह चाल के मध्य अनुपात क्रमशः 1 : 7 है। नाव बिंदु A से B तक अनुप्रवाह में 52 मिनट का समय लेती है। बिंदु A से B तक की दूरी क्या है?

(1) 19.2 किमी
(2) 17.2 किमी
(3) 18.2 किमी
(4) 16.5 किमी
(5) उपरोक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (45-49)**—*निम्नलिखित प्रत्येक संख्या शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?*

**45.** 125 128 119 146 65 ?

(1) 308 (2) 316
(3) 298 (4) 294
(5) 264

**46.** 8 17 30 47 68 ?

(1) 83 (2) 93
(3) 98 (4) 95
(5) 96

**47.** 24 12 12 18 ? 90

(1) 40 (2) 38
(3) 36 (4) 45
(5) इनमें से कोई नहीं

**48.** 5 16 49 104 ? 280

(1) 165 (2) 160
(3) 171 (4) 181
(5) 175

**49.** 13 19 30 48 75 ?

(1) 107 (2) 108
(3) 116 (4) 112
(5) 113

**50.** A एवं B मिलकर किसी काम को $10\frac{2}{7}$ दिन में समाप्त कर सकते हैं जबकि B एवं C मिलकर उसी काम को $13\frac{1}{3}$ दिन में समाप्त कर सकते हैं। B, C से 25% अधिक कार्य कुशल है। A एवं C मिलकर उस काम को कितने दिन में समाप्त करेंगे?

(1) $11\frac{1}{4}$ (2) $12\frac{1}{4}$
(3) $11\frac{1}{3}$ (4) $12\frac{1}{3}$
(5) इनमें से कोई नहीं

**51.** रिया एवं एब्बी की वर्तमान उम्र का योग 48 वर्ष है। वर्तमान में एब्बी, श्वेता से 4 वर्ष बड़ी है। रिया एवं श्वेता की वर्तमान उम्र का अनुपात क्रमशः 4 : 7 है। 2 वर्ष पूर्व एब्बी की उम्र क्या थी?

(1) 32 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 28 वर्ष (4) 34 वर्ष
(5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (52-56)**—*निम्नलिखित प्रत्येक संख्या शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?*

**52.** 749 का 52.02% + 419.98 का 45% − ? = $15^2$

(1) 354 (2) 364
(3) 370 (4) 368
(5) इनमें से कोई नहीं

**53.** $349.98 \times 19.99 + ?^2 \times 180.16 = 11500$

(1) 3 (2) 5
(3) 4 (4) 9
(5) 25

**54.** $(1800 \div \sqrt{?} \times 29.99) \div 15.02 = 144$

(1) 12 (2) 25
(3) 625 (4) 144
(5) 169

**55.** $(52.02^2 - 34.01^2) \div 17.99 \times \sqrt{?} = 1720$

(1) 400 (2) 20
(3) 25 (4) 625
(5) इनमें से कोई नहीं

**56.** $(340 \times 9.98) \div 6.4001 + 1245.15 = ?$

(1) 1766 (2) 1776
(3) 1676 (4) 1876
(5) 1806

**57.** A, B एवं C मिलकर एक व्यापार आरंभ करते हैं। A, B एवं C के निवेश का अनुपात क्रमशः 0.125 : 0.75 : 0.25 है। 8 माह बाद A अपने पूर्व के निवेश की तिगुनी धनराशि और निवेश करता है, जबकि C अपने निवेश का आधा निकाल लेता है। वर्षांत में कुल ₹ 5,800/- का लाभ होता है। B का लाभांश क्या है?

(1) ₹ 3,400/- (2) ₹ 3,200/-
(3) ₹ 3,600/- (4) ₹ 3,800/-
(5) इनमें से कोई नहीं

**58.** एक थैले में 4 श्वेत, 4 लाल एवं 2 हरी गेंदें हैं। दो गेंदों को यदृच्छया निकाला जाता है। कम-से-कम एक गेंद के हरे रंग की होने की क्या प्रायिकता है?

(1) $\frac{4}{5}$ (2) $\frac{3}{5}$

(3) $\frac{1}{5}$ (4) $\frac{2}{5}$

(5) इनमें से कोई नहीं

**59.** समान धनराशि स्कीम A एवं स्कीम B में क्रमशः 6 वर्षों एवं 8 वर्षों के लिए निवेश की जाती है। दोनों स्कीम क्रमशः 12% प्रति वर्ष एवं 8% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज देती हैं। दोनों स्कीमों से प्राप्त ब्याज का अंतर ₹ 1,280/- है। प्रत्येक स्कीम में निवेशित धनराशि ज्ञात करें—

(1) ₹ 16,000/- (2) ₹ 16,500/-

(3) ₹ 17,000/- (4) ₹ 18,000/-

(5) इनमें से कोई नहीं

**60.** एक आयत का क्षेत्रफल उस वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर है जिसका विकर्ण $12\sqrt{6}$ मी है। आयत की लंबाई एवं चौड़ाई का अंतर 6 मी है। आयत का परिमाप (मीटर में) क्या है?

(1) 160 मी (2) 80 मी

(3) 82 मी (4) 84 मी

(5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (61-65)**—*निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में समीकरण I एवं II दिए गए हैं। आपको दोनों समीकरणों को हल करना है एवं निम्न प्रकार से उत्तर दर्शाना है।*

**उत्तर दीजिए—**

(1) यदि $x < y$ (2) यदि $x > y$

(3) यदि $x \le y$ (4) यदि $x \ge y$

(5) यदि $x = y$ अथवा इनके बीच कोई संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता

**61.** **I.** $3x^2 + 14x + 15 = 0$

**II.** $6y^2 + 17y + 12 = 0$ Ans : (1)

**62.** **I.** $3x^2 - 17x + 24 = 0$

**II.** $4y^2 - 15y + 14 = 0$ Ans : (2)

**63.** **I.** $2x^2 + 11x + 14 = 0$

**II.** $2y^2 + 17y + 33 = 0$ Ans : (2)

**64.** **I.** $3x^2 + 13x + 12 = 0$

**II.** $2y^2 + 15y + 27 = 0$ Ans : (4)

**65.** **I.** $x^2 - 22x + 121 = 0$

**II.** $y^2 = 121$ Ans : (4)

## भाग (ग) : तार्किक क्षमता

**निर्देश (66-70)**—*निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आठ मित्र – C, D, E, F, N, O, P तथा Q एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, परंतु आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में। P के दाएँ दूसरे स्थान पर O बैठा है। Q के बाएँ तीसरे स्थान पर E बैठा है। P के बाएँ चौथे स्थान पर F बैठा है। E पंक्ति के किसी छोर पर नहीं बैठा है। D न तो F का न ही P का निकटतम पड़ोसी है। C, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

**66.** निम्नलिखित व्यक्तियों के युग्मों में से कौन-सा पंक्ति के दोनों छोरों पर बैठे व्यक्तियों को दर्शाता है?

(1) F, C (2) D, F

(3) C, Q (4) N, D

(5) O, F

**67.** दी गयी व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सत्य है?

(1) F तथा E निकटतम पड़ोसी हैं P के

(2) Q के दाएँ तीसरे स्थान पर C बैठा है

(3) D तथा E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं

(4) P के एकदम बाएँ N बैठा है

(5) दिए गए सभी कथन सत्य हैं

**68.** निम्नलिखित में से कौन N के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है?

(1) O (2) D

(3) C (4) E

(5) Q

**69.** Q के संदर्भ में C का स्थान क्या है?

(1) दाएँ चौथा (2) दाएँ तीसरा

(3) बाएँ चौथा (4) बाएँ तीसरा

(5) दाएँ दूसरा

**70.** दी गयी व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित प्रकार से एक समान हैं तथा वे अपना एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक है जो इस समूह में शामिल नहीं होता है?

(1) FN (2) PD

(3) EQ (4) CP

(5) NQ

**निर्देश (71-73)**—*निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

S, U की पुत्री है। V के केवल दो बच्चे हैं—S तथा Y। Y का विवाह D के साथ हुआ है। P, B का भाई है। V को केवल दो पुत्रियाँ हैं। J, U की माता है। J का विवाह L के साथ हुआ है। P का विवाह S के साथ हुआ है। V, T का पुत्र है।

**71.** निम्नलिखित में से कौन B की सिस्टर-इन-लॉ है?

(1) Y (2) S

(3) U (4) J

(5) T

**72.** निम्नलिखित में से कौन U का पिता है?

(1) J (2) T

(3) U (4) L

(5) इनमें से कोई नहीं

**73.** V किस प्रकार, संबंधित है?

(1) ससुर (2) सास

(3) पिता (4) माता

(5) भाई

**74.** बिंदु B के 30 मी पूर्व में बिंदु A है। बिंदु A के 10 मी दक्षिण में बिंदु C है। बिंदु C के 15 मी पश्चिम में बिंदु D है। बिंदुओं D तथा F के ठीक बीच में बिंदु E है। बिंदु D, E तथा F एक सीधी रेखा में हैं। रेखा DEF 20 मी लंबी है। बिंदु D के उत्तर में बिंदु F है। बिंदु F के 15 मी पूर्व में बिंदु G है। बिंदु A से कितनी दूरी पर तथा किस दिशा में बिंदु G है?

(1) 10 मी, दक्षिण (2) 15 मी, उत्तर
✔(3) 10 मी, उत्तर (4) 15 मी, दक्षिण
(5) 10 मी, पूर्व

**75.** एक व्यक्ति अपने घर से चलना शुरू करता है तथा बाजार की ओर जाता है। वह दक्षिण की ओर 40 मी चलता है तथा दायीं ओर मुड़ जाता है। 30 मी चलने के बाद वह बायीं ओर मुड़ता है तथा 20 मी चलता है। अंततः वह बायीं ओर मुड़कर 30 मी चलने के बाद बाजार पहुँच जाता है। बाजार से कितनी दूरी पर एवं किस दिशा में उस व्यक्ति का घर है?

(1) 60 मी, दक्षिण ✔(2) 60 मी, उत्तर
(3) 70 मी, उत्तर (4) 70 मी, दक्षिण
(5) 90 मी, उत्तर

**निर्देश (76-80)**—*नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो या तीन कथन तथा उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों तथा यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से कथनों का तर्कसंगत ढंग से अनुसरण करता है/करते हैं, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।*

**उत्तर दीजिए–**
(1) यदि **केवल** निष्कर्ष **I** अनुसरण करता है
(2) यदि **केवल** निष्कर्ष **II** अनुसरण करता है
(3) यदि **या तो** निष्कर्ष **I या** निष्कर्ष **II** अनुसरण करता है
(4) यदि **न तो** निष्कर्ष **I न ही** निष्कर्ष **II** अनुसरण करता है
(5) यदि निष्कर्ष **I** तथा निष्कर्ष **II दोनों** अनुसरण करते हैं

**(76-77) : कथन** : सभी पत्रिकाएँ जर्नल हैं। कुछ जर्नल पीरियोडिकल हैं। सभी पीरियोडिकल बुलेटिन हैं।

**76. निष्कर्ष :**
**I.** कुछ पीरियोडिकल निश्चित रूप से जर्नल नहीं हैं।
**II.** सभी पीरियोडिकल के पत्रिका होने की संभावना है। Ans : (2)

**77. निष्कर्ष :**
**I.** कम-से-कम कुछ बुलेटिन जर्नल हैं।
**II.** कोई बुलेटिन पत्रिका नहीं है। Ans : (1)

**78. कथन** : सभी टर्न लूप हैं। कोई लूप मोड नहीं है। कुछ मोड कर्व हैं।
**निष्कर्ष :**
**I.** कम-से-कम कुछ कर्व लूप हैं।
**II.** कोई मोड़ टर्न नहीं है। Ans : (2)

**79. कथन** : कोई देश गाँव नहीं है।
सभी गाँव जिले हैं।
**निष्कर्ष** : **I.** सभी देश जिले हैं।
**II.** सभी जिले गाँव हैं। Ans : (4)

**80. कथन** : सभी प्रगति वृद्धि हैं।
सभी विकास वृद्धि हैं।
कोई वृद्धि उत्परिवर्तन नहीं है।
**निष्कर्ष :**
**I.** सभी विकास के प्रगति होने की संभावना है।
**II.** कोई उत्परिवर्तन प्रगति नहीं है। Ans : (5)

**निर्देश (81-85)**—*निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध कथनों में दर्शाया गया है। इन कथनों के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। दिए गए कथनों पर आधारित निष्कर्षों को पढ़िए तथा उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।*

**उत्तर दीजिए—**
(1) यदि **केवल** निष्कर्ष **I** सत्य है
(2) यदि **केवल** निष्कर्ष **II** सत्य है
(3) यदि **या तो** निष्कर्ष I **या** निष्कर्ष II सत्य है
(4) यदि **न तो** निष्कर्ष I **न ही** निष्कर्ष II सत्य है
(5) यदि **दोनों** निष्कर्ष I तथा निष्कर्ष II सत्य हैं

**(81-82) : कथन**
$Y \le K < D = S; D < V < O; G \ge D < Q$

**81. निष्कर्ष** : I. $G > V$ II. $Y < Q$ Ans : (2)
**82. निष्कर्ष** : I. $K < O$ II. $G = V$ Ans : (1)
**83. कथन** : $D < L \le F = N ; L = A$
**निष्कर्ष** : I. $N > D$ II. $A \le F$ Ans : (5)

**(84-85) : कथन :**
$B > Z = R \ge M < J \le H; J > P ; K < Z$

**84. निष्कर्ष** : I. $H < P$ II. $B > M$ Ans : (2)
**85. निष्कर्ष** : I. $K < J$ II. $R \ge H$ Ans : (4)

**निर्देश (86-90)**—*निम्नलिखित जानकारी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—*
एक निश्चित कूटभाषा में,
'good time to buy' को 'sy bo nj kw' लिखा जाता है
'invest money and time' को 'sy ta ge mr' लिखा जाता है
'only work and money' को 'ta fp mr ux' लिखा जाता है
'buy good stuff only' को 'kw bo rd fp' लिखा जाता है

**86.** दी गई कूट भाषा में शब्द 'to' का कोड क्या होगा?
(1) ge (2) kw
✔(3) nj (4) sy
(5) bo

**87.** दी गई कूट भाषा में "buy good" का कोड क्या होगा?
✔(1) bo kw (2) kw nj
(3) rd bo (4) rd nj
(5) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**88.** दी गई कूट भाषा में "only time and money" का कोड क्या होगा?
(1) sy bo ux fp (2) fp ta rd kw
(3) ge fp ta bo ✔(4) mr ta sy fp
(5) bo nj ta ge

**89.** दी गई कूट भाषा में 'stuff' का कोड क्या होगा?
(1) fp
✔(2) rd
(3) kw
(4) bo
(5) या तो 'bo' या 'rd'

**90.** दी गई कूट भाषा में "invest time to work" का कोड क्या होगा?
(1) sy bo mr fp
(2) ta nj kw rd
(3) ta fp ux nj
(4) mr sy bo ta
✔(5) ux ge nj sy

**निर्देश (91-95)**—*निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

आठ व्यक्ति–M, N, O, P, Q, R, S तथा T– एक वृत्ताकार मेज के गिर्द एक-दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं, परंतु आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में। उनमें से कुछ का मुख केंद्र की ओर है जबकि कुछ अन्य का मुख बाहर की ओर है (केंद्र से विपरीत दिशा की ओर)।

**नोट :** समान दिशा की ओर मुख होने का अर्थ है कि यदि एक का मुख केंद्र की ओर है तो दूसरे का मुख भी केंद्र की ओर होगा तथा इसका व्युत्क्रम। विपरीत दिशा की ओर मुख होने का अर्थ है कि यदि एक का मुख केंद्र की ओर है तो दूसरे का मुख बाहर की ओर होगा तथा इसका व्युत्क्रम।

Q के दाएँ दूसरे स्थान पर R बैठा है। R तथा S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R के दाएँ दूसरे स्थान पर T बैठा है। T का मुख केंद्र की ओर है। R तथा S का मुख विपरीत दिशा की ओर है। उसी प्रकार P तथा S का मुख भी विपरीत दिशा की ओर है। P के बाएँ दूसरे स्थान पर N बैठा है। P, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P तथा O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के बाएँ तीसरे स्थान पर M बैठा है। T के निकटतम पड़ोसियों का मुख विपरीत दिशा की ओर है। M तथा R का मुख विपरीत दिशा की ओर है। N का मुख उसी ओर है जिस ओर O का मुख है।

**91.** दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन T के संदर्भ में सत्य है?

(1) S के बाएँ दूसरे स्थान पर T बैठा है
(2) O तथा P के ठीक बीच में T बैठा है
(3) N के ठीक विपरीत T बैठा है
(4) T तथा Q के बीच चार व्यक्ति बैठे हैं
(5) T का मुख M के मुख के विपरीत दिशा की ओर है

**92.** दी गई व्यवस्था में कितने व्यक्तियों का मुख बाहर की ओर है?

(1) तीन (2) चार
(3) पाँच (4) छह
(5) दो

**93.** दी गयी व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित प्रकार से एक समान हैं तथा वे अपना एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक है जो इस समूह में शामिल नहीं होता है?

(1) O (2) S
(3) M (4) Q
(5) N

**94.** यदि S के बायीं ओर चलें तो निम्नलिखित में से कौन S तथा Q के ठीक बीच में बैठा है?

(1) कोई नहीं (2) O
(3) M (4) N
(5) T

**95.** R के संदर्भ में M का स्थान क्या है?

(1) दिए गए विकल्पों से भिन्न
(2) दाएँ तीसरा
(3) बाएँ दूसरा
(4) दाएँ दूसरा
(5) बाएँ तीसरा

**निर्देश (96-100)**—*निम्नलिखित जानकारी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

सात व्यक्ति–M, N, O, P, Q, R तथा S एक सात मंजिली इमारत की अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं, परंतु आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में। भूतल को क्रमांक 1 दिया गया है, उसके ऊपर वाले तल को क्रमांक 2 तथा इसी प्रकार अन्य तलों को भी क्रमांक दिया गया है तथा सबसे ऊपरी तल को क्रमांक 7 दिया गया है। उनमें से प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग कार्टून चरित्र पसंद है यथा, चिपमनुक, फ्लींस्टीन, जेटसन, पोपेये, स्कूबी डू, सिम्पसन तथा ट्वीटी, परंतु आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में।

जिस व्यक्ति को पोपेये पसंद है वह मंजिल संख्या 4 पर रहता है। P तथा जिसे पोपेये पसंद है उनके बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। सबसे निचली मंजिल पर M नहीं रहता है। पोपेये पसंद करने वाले व्यक्ति के नीचे किसी विषम क्रमांक वाली मंजिल पर M रहता है। S किसी सम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है, परंतु न तो M के ठीक नीचे या ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। M तथा ट्वीटी पसंद करने वाले व्यक्ति के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। N तथा R के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। किसी सम क्रमांक वाली मंजिल पर R रहता है तथा उसे पोपेये पसंद नहीं है। चिपमनुक तथा जेटसन पसंद करने वाले व्यक्तियों के बीच में केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। N के ऊपर किसी मंजिल पर चिपमनुक पसंद करने वाला व्यक्ति रहता है। चिपमनुक पसंद करने वाला व्यक्ति सबसे ऊपरी मंजिल पर नहीं रहता है। O को चिपमनुक या जेटसन पसंद नहीं है। सिम्पसन पसंद करने वाले व्यक्ति के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर स्कूबी डू पसंद करने वाला व्यक्ति रहता है।

**96.** S तथा P की मंजिलों के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

(1) तीन (2) दो
(3) चार (4) पाँच
(5) कोई नहीं

**97.** दी गई जानकारी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(1) Q मंजिल संख्या 5 पर रहता है तथा उसे पोपेये पसंद नहीं है
(2) M को स्कूबी डू पसंद है तथा वह मंजिल संख्या 4 पर नहीं रहता है
(3) O को फ्लींस्टोन पसंद है तथा वह सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है
(4) Q तथा R की मंजिलों के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं
(5) सभी कथन सत्य हैं

**98.** निम्नलिखित में से कौन M के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है?

(1) N (2) R
(3) S (4) O
(5) P

**99.** S तथा N की मंजिलों के ठीक बीच मंजिल पर निम्नलिखित में से कौन रहता है?

(1) P (2) R
(3) M (4) Q
(5) कोई नहीं

**100.** निम्नलिखित में से किसे कार्टून चरित्र जेटसन पसंद है?

(1) R (2) P
(3) N (4) Q
(5) S